# क्षेत्रीय कार्यालय


राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)


रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–311 / 2415–2443 दिनांक 12.11.25

महादेव एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड, (कार्तिक राठी)
बी–37, अयोध्या मार्ग
हनुमान नगर, जयपुर। 322 012

**विषय** : दिनाँक 18.12.2025 को आयोजित की जाने वाली पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई बाबत्।

**सन्दर्भ** : जिला कलक्टर, भरतपुर का पत्र क्रमांक राजस्व / 12 / 11(2) / 2025 / 7632 दिनांक 11.11.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि मैसर्स महादेव एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड, (कार्तिक राठी), खनन पट्टा प्लॉट संख्या 62, खसरा नं. 686, 687, खनन पट्टा क्षेत्रफल 2.40 हैक्टेयर (क्लस्टर में कुल 08 खनन परियोजनायें हैं जिनका कुल क्षेत्रफल 19.20 हैक्टेयर है, में से एक खनन पट्टा), निकट ग्राम जसवर तहसील भुसावर जिला भरतपुर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 4,05,800 टन प्रति वर्ष (ROM) मैसनरी स्टोन (लघु खनिज) परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 18.12.2025 (गुरूवार) को अपरान्ह 03.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत बबेखर, पंचायत समिति भुसावर तहसील भुसावर जिला भरतपुर** में आयोजित की जानी है।

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनाँक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अतः संलग्न प्रारूप में जन सुनवाई हेतु **"आम सूचना"** एक मुख्य दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक क्षेत्रीय भाषा के दैनिक समाचार पत्र में **दिनाँक 17.11.2025** से पूर्व प्रकाशित कराया जाना जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म., भरतपुर

**प्रतिलिपि** :– पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट ड्राफ्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार (Hindi & English) आपको इस कार्यालय के पत्रांक 1370–78 दिनांक 12.08.2025 को प्रस्तुत कर दी गयी थी अतः उक्त जनसुनवाई हेतु निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1 कार्यालय जिला कलक्टर, भरतपुर।
2 प्रभारी (खनन शाखा) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
3 क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर।
4 कार्यालय उप खण्ड अधिकारी, भुसावर तहसील भुसावर जिला भरतपुर।
5 कार्यालय पंचायत समिति, भुसावर तहसील भुसावर जिला भरतपुर।
6 सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, भरतपुर।
7 कार्यालय ग्राम पंचायत, बबेखर तहसील भुसावर जिला भरतपुर।
8 ए.सी.पी., राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन हैं कि इसे वेब साईट पर दर्शाने का श्रम करवायें।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं., भरतपुर

RajKaj Ref No.:
18803581
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Umesh Kumar
Designation: Environmental Engineer
Date: 2025.11.12 17:00:34 IST
Reason: Approved

# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)

रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–311 / 2415–43 दिनांक : 12.11.25

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधान के अनुसार मैसर्स महादेव एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड, (कार्तिक राठी), खनन पट्‌टा प्लॉट संख्या 62, खसरा नं. 686, 687, खनन पट्‌टा क्षेत्रफल 2.40 हैक्टेयर (क्लस्टर में कुल 08 खनन परियोजनायें हैं जिनका कुल क्षेत्रफल 19.20 हैक्टेयर है, में से एक खनन पट्‌टा), निकट ग्राम जसवर तहसील भुसावर जिला भरतपुर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 4,05,800 टन प्रति वर्ष (ROM) मैसनरी स्टोन (लघु खनिज) परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं।

उपर्युक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, द्वारा जारी अधिसूसना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है अतः समस्त सम्बन्धित को इस नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त खनन परियोजना की पर्यावरण स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई हेतु **दिनांक 18.12.2025 (गुरूवार) को अपरान्ह 03.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत बबेखर, पंचायत समिति भुसावर तहसील भुसावर जिला भरतपुर** में उपस्थित होकर सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव / आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, भरतपुर (e-mail – rorpcb.bharatpur@gmail.com) अथवा मुख्यालय, 04 संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

उक्त परियोजना से सम्बन्धित पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए.रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है।

1. कार्यालय जिला कलक्टर, भरतपुर।
2. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे, भरतपुर
3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर।
5. कार्यालय उप खण्ड अधिकारी, तहसील भुसावर, जिला भरतपुर।
6. कार्यालय पंचायत समिति, भुसावर जिला भरतपुर।
7. सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, रूपवास जिला भरतपुर।
8. कार्यालय ग्राम पंचायत, बबेखर तहसील भुसावर जिला भरतपुर।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं. भरतपुर

Signature valid
Digitally signed by Umesh Kumar
Designation: Environmental Engineer
Date: 2025.11.12 17:00:34 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18803581
eSign 1.0